जानकारी

1. स्कूल कैलेंडर - प्रत्येक स्कूल एक ऐसा कैलेंडर तैयार करता है और उसे घर भेजता है, जिसमें प्रांतीय छुट्टियों और वे दिन जब छात्रों के लिए स्कूल बंद है, का विवरण होता है । यदि आपके बच्चे अलग-अलग स्कूलों में दाखिल हैं तो आप हर स्कूल के कैलेंडर को अवश्य देखें। कैलेंडर स्कूल वर्ष के अंत में घर भेजा जाता है। कैलेंडर की प्रतिलिपियां स्कूल के दफ्तर से और/या स्कूल की वेबसाइट पर भी उपलब्ध होती हैं।

2. सूचना पत्र (न्यूज़ लैटर) - स्कूल नियमित रूप से, सूचना पत्र घर भेजते हैं। घर पर कागज़ी सूचना पत्र भेजने के बजाय, स्कूल उन्हें अपनी वेबसाइट पर भी डाल सकते हैं या आपकी ईमेल पर भी भेज सकते हैं।

ऐच्छिक

दुर्घटना बीमा -अतिरिक्त दुर्घटना बीमा खरीदने के बारे में छात्रों को जानकारी प्रदान की जाती है। यदि माता-पिता इसे खरीदना चाहें, तो वे फार्म भर कर सीधे बीमा कंपनी को भेज देते हैं।

VSB

“Forms you may see in September - Secondaryò

[Hindi]

यह ब्रोशर वैनकूवर स्कूल बोर्ड के सैटलमेंट वर्कर्ज़ (VSB SWIS) द्वारा प्रायोजित किये गए कई ब्रोशरों में एक है। इसकी रचना कुछ ई.एस.एल. (ESL/ELL) शिक्षकों तथा वैनकूवर स्कूल बोर्ड के मल्टीकल्चरल लिएजों वर्कर्ज़ (VSB MCLW) ने की है।

Canada   British Columbia   WelcomeBC

यह ब्रोशर कनाडा और ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत की सरकार से धन के माध्यम से संभव बनाया गया है।

फार्म (प्रपत्र) जो आपको सितंबर में प्राप्त हो सकते हैं

सैकेंडरी

स्कूल वर्ष के शुरू से अन्त तक सभी स्कूल माता-पिता के लिए फार्म और जानकारी घर भेजते रहते हैं। इनमें से कई फार्म, स्कूल वर्ष के शुरू होने पर, सितंबर में भेजे जाते हैं। कुछ पर आपको हस्ताक्षर कर के स्कूल में लौटाने की आवश्यकता होती है (यदि आप यह सेवा चाहते हैं)। अन्य कुछ फार्म पर माता-पिता के हस्ताक्षर और पैसों की जरूरत होती है। समय समय पर आपके पढ़ने के लिए जानकारी घर भेजी जाएगी। जो जानकारी/सूचनाएँ आपके घर भेजी जाती हैं, यदि उन्हें समझने में आपको कठिनाई हो रही है, तो मल्टीकल्चर्ल वर्कर, सैटलमेंट वर्कर, या कोई अन्य व्यक्ति जो आपकी भाषा बोलते हैं और अंग्रेजी पढ़ सकते हैं, उन से बात करें।

स्कूल वर्ष के शुरू में आमतौर पर दिए जाने वाले प्रपत्रों (फार्मज़) के कुछ उदाहरण निम्नलिखित हैं :

फार्म जिन पर हस्ताक्षर कर स्कूल में लौटाने की आवश्यकता है

1. छात्र जानकारी जाँच (स्टुडेंट इन्फोर्मेशन वेरिफिकेशन) फार्म - इस फार्म में छात्र की बुनियादी जानकारी और आपात-स्थिति में संपर्क करने की जानकारी होती है। माता पिता को अनिवार्य है कि वे निश्चित करें कि यह जानकारी सही है। यदि यह ऐसा नहीं है तो आवश्यक है कि इसे सही करें।
2. संचार-माध्यम (मीडिया) सहमति फार्म - स्कूल इस फार्म के द्वारा माता-पिता से स्कूल जिले के कार्यक्रमों हेतु फ़ोटो खींचना, वीडियो बनाना,और /या नामों का प्रयोग करने की अनुमति देने के लिए पूछता है। यह सब चीज़े स्कूल से सम्बंधित कार्यक्रमों के लिए मीडिया (जैसे कि रेडियो) के साथ भी सांझी की जा सकती हैं।
3. आपात-स्थिति के लिए संपर्क फार्म - इस फार्म में छात्र और उसके परिवार की बुनियादी जानकारी और यदि माता पिता से टेलीफोन पर बात नहीं हो पाए तो किसी अन्य व्यक्ति की संपर्क जानकारी पूछी जाती है।
4. कम्प्यूटर प्रयोग करने का समझौता - कई स्कूल छात्र शिक्षा के लिए इंटरनेट का उपयोग करते हैं, और उनके यहाँ कंप्यूटर के उपयोग के लिए नियम होते हैं। माता-पिता और छात्र यह पुष्टि करने के लिए, कि वे इन नियमों को समझते हैं, इस फार्म पर हस्ताक्षर करते हैं।
5. स्कूल में दवा देना - कुछ छात्रों को स्कूल दिवस के दौरान डॉक्टर द्वारा निर्धारित दवा लेने की जरूरत होती है। इस फार्म पर हस्ताक्षर कर के माता-पिता स्कूल स्टाफ को, अपने बच्चे के लिए लाई हुई दवा का प्रयोग करने की अनुमति देते हैं।
6. फील्ड ट्रिप/अध्ययन फार्म - स्कूल से बाहर के स्थानों में फील्ड ट्रिप / अध्ययन छात्रों की पढ़ाई का एक महत्वपूर्ण अंग हैं। आपके हस्ताक्षर का अर्थ है कि आपका बच्चा इस गतिविधि में भाग ले सकता है। कभी कभी इसके साथ पैसे भेजने होते हैं।
7. "गोकार्ड(GoCard)"/छात्र बस किराया - यह फार्म सैकंडरी स्कूल के छात्रों को बसों पर कम किराया दिलाने में मदद करता है।

फार्म जिन पर हस्ताक्षर करने और पैसों के साथ वापिस भेजने की आवश्यकता है

1. स्कूल फोटो - यह हर साल खींची जाती हैं और माता पिता अपने इस्तेमाल के लिए इन में से कुछ को छांट कर मोल ले सकते हैं।
2. सामग्री (सप्लाईज)/गतिविधि फीस - गतिविधियों, सामग्री, लॉकर के लिए ताले, वार्षिक पुस्तक आदि के लिए स्कूल पैसे मांगते हैं। यह राशि हर स्कूल के लिए अलग होती है।
3. छात्र एजेंडा / प्लैनर- अधिकांश स्कूल अपेक्षा करते हैं कि छात्र एजेंडा या प्लैनर खरीद कर उनका उपयोग करें। अधिक जानकारी के लिए ब्रोशर देखें:स्कूल एजेंडा/प्लैनर।
4. स्कूल के दोपहर का भोजन का प्रोग्राम - हस्ताक्षर किए गए और पैसों के साथ भेजे गए ये फार्म स्कूल को मालूमात देते हैं कि हर महीने कौन से छात्र इस प्रोग्राम में भाग ले रहे हैं। (यह जरूरी नहीं है कि आपका बच्चा पूरे वर्ष के लिए इस प्रोग्राम में भाग ले।